(ग) और (घ) केन्द्रीय वित्तीय सहायता राज्य सरकार को योजनावार दी जाती है न कि जिले-वार और इनका निष्पादन पूर्ण रूप से राज्य सरकार पर निर्भर करता है और इनको पूरा करने की निर्धारित तारीख, स्वीकृति की तारीख से 18 महीने बाद की होती है।

**महानिदेशक, नागर विमानन के पास पंजीकृत विमान**

349. श्री दिलीप सिंह जूदेव : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महानिदेशक, नागर विमानन के पास कितने विमान पंजीकृत हैं जिन्हें राष्ट्रीय रजिस्टर में शामिल किया गया है :

(ख) इनमें से कितने विमान मध्य प्रदेश के हैं और राज्य के नाम पंजीकृत विभिन्न प्रकार के विमानों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या विमानों की उड्डयन योग्यता प्रमाणित करने के लिए भोपाल में कोई कार्यालय स्थापित किया गया है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) सिविल एयरक्राफ्ट रजिस्टर में 906 विमान पंजीकृत हैं।

(ख) मध्य प्रदेश के पंजीकृत पते वाले 23 विमान हैं जिनमें से 19 का बेस राज्य के भीतर है और 4 का राज्य से बाहर। मध्य प्रदेश सरकार के नाम में पंजीकृत विमानों के ब्यौरे नीचे दिए गए हैं :—

| विस्तृत | पंजीकरण संख्या |
|---|---|
| 1. बी-200 | वीटी–ईआईडी |
| 2. डॉफिन हेलीकाप्टर | वीटी–ईएनडब्लू |
| 3. चेतक हेलीकाप्टर | वीटी–ईसीई |
| 4. चेतक हेलीकाप्टर | वीटी–ईधारडी |

(ग) और (घ) नागर विमानन महानिदेशालय ने विमान को उड़न-योग्यता प्रमाण-पत्र देने हेतु भोपाल में एक उप-क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना की है।

**Recovery of penalty from Sohar India Airlines**

350. SHRI G. Y. K.RISHNAN: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) the steps taken to recover Rs. 8 crores penalty imposed by the International Airports Authority of India on Sahara India Airlines for the damage caused to the Indira Gandhi International Airport property, due to the. recent crash of a Boeing 737 operated by Sahara; and

(b) the measures taken to prevent such incidents of crash by private air operator!.

THE MINISTER OF CIVIL AVIATION AND TOURISM (SHRI GULAM NABI AZAD): (a) Initially a tentative claim of Rs. 8.00 crores was lodged by the International Airports Authority of India (IAAI) with M/s. Sahara India Airlines. However, bated on the factual de-tails, the low has been worked out to R«. 5.67 crore*. In order to reebver

this amount a meeting was held between the officials of IAAI and Sahara India Airlines on 14-7-94. All documents have been supplied by IAAI to M/s. Sahara India Airlines in support of their claim. However. M/s. Sahara India Airlineg has not finally accepted the claim of IAAI so far

(b) Steps taken to improve airworthi ness standards of aircraft and safety of aircraft operations include strengthening of quality control set up, prompt recti fication of snags establishment of adequate maintenance facilities, moni toring of Digital Flight Data Recorder and Cockpit Voice Recorder readoubtt, pre-flight medical examination of crew, observance of special precautions while operating to/from short airfields, adher ence to standard operating procedures, implementation of recommendations emanating from accident investigation reports *etc*. Besides private operators were advised to take the following addi tional measures to enhance safety of ope rations:—

(i) All pilots should practise flight procedures during emergencies on simulators during refresher courses;

(ii) Overhaul life of aircraft com-ponents should be reviewed.

**ATOs IA gang up to West Air India traffic**

351. SHRI G. Y. KRISHNAN:

SHRI RAMDAS AGARWAL:

Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state:

(a) whether Government's attention hai been drawn to the news-item captioned "ATOs, IA gang up to West Air India traffic" which appeared in the 'Economic Times' New Delhi dated the 1st July, 1994.

(b) if so, the facts of the matter; and

(c) what is Government's reaction thereto and how Government contemplate to countenance this gang-up against Air India by the Indian Airlines and the leading private air taxi operators in India?

THE MINISTER OF CIVIL AVIA-TION AND TOURISM (SHRI GHULAM NABI AZAD): (a) Yes, Sir.

(b) and (c) Indian Airlines has not held any discussions or come to any agreement with any air taxi operators in regard to international operations. However, to ensure optimum utilisation of available aircraft capacity, Air India and Indian Airline are coordinating with each other for operations on international sectors, either independently or jointly.

**इंडियन एयरलाइंस को हुआ घाटा**

352. **श्री गोविन्दराव आदिक :**
**श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे :**

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 जुलाई, 1994 की स्थिति के अनुसार इंडियन एयरलाइंस को कुल कितना घाटा हुआ है ;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान कैबिन कर्मीदल और कॉकपिट कर्मीदल के होटलों में रात्रि निवास पर हुए व्यय और भत्तों के भुगतान पर कितनी धन-राशि खर्च की गई है ;

(ग) क्या यह सच है कि इंडियन एयरलाइंस में चल रही वर्तमान व्यवस्था को बंद करने और इससे संबंधित फिजूल खर्च को रोकने से एक वर्ष में इसका घाटा पूरा हो जाएगा ;

(घ) यदि हां, तो क्या सरकार इस राष्ट्रीय विमान सेवा को बचाने के लिए तकनीकी कारणों के बहाने से बढ़ते हुए घाटे पर रोक लगाने के लिए कतिपय कदम उठाने का विचार रखती है ;

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और